भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 35**

उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2025

14 माघ, 1946 (शक)

# आंध्र प्रदेश में एनवाईकेएस और यूथ हॉस्टल

**35. श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:**

**श्री बी. के. पार्थसारथी:**

**श्री बस्तीपति नागराजू:**

**श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आंध्र प्रदेश में नेहरू युवा केंद्र संगठनों और यूथ हॉस्टलों की जिलावार कुल संख्या कितनी है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त राज्य में एनवाईकेएस द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में कितने यूथ हॉस्टल निर्मित किए गए हैं और क्या सरकार की उक्त राज्य में ऐसे और हॉस्टल स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो इन स्थानों का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या राज्य सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान ऐसे हॉस्टलों के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि और अन्य अवसंरचना उपलब्ध कराई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) उक्त राज्य में हॉस्टल सुविधाओं का उपयोग करने वाले खिलाड़ियों की वर्षवार संख्या कितनी है;

(च) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त राज्य में तैनात राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों की जिलावार कुल संख्या कितनी है;

(छ) क्या सरकार ने आपदा प्रबंधन कार्यकलापों में एनवाईकेएस के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने के लिए कोई पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ज) क्या सरकार प्रत्येक जिले में एनवाईकेएस/'बालिका विशिष्ट एनवाईकेएस' के निर्माण की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(झ) देशभर में, विशेष रूप से उक्त राज्य में एनवाईकेएस और यूथ हॉस्टलों में रिक्तियों का राज्यवार और जिलावार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) आंध्र प्रदेश में कुल 13 जिला नेहरू युवा केंद्र और 5 युवा छात्रावास हैं। आंध्र प्रदेश में स्थित नेहरू युवा केंद्रों और युवा छात्रावासों का विवरण अनुबंध-1 पर दिया गया है।

(ख) नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) आंध्र प्रदेश राज्य सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में विभिन्न युवा आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करता है। विगत तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में आयोजित कार्यक्रमों का विवरण अनुबंध-2 पर दिया गया है।

(ग) और (घ) : विगत पांच वर्षों में आंध्र प्रदेश में कोई युवा छात्रावास निर्मित नहीं किया गया है। वर्तमान में, आंध्र प्रदेश में और अधिक युवा छात्रावास स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ङ) विगत तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में छात्रावास की सुविधा का उपयोग करने वाले खिलाड़ियों की वर्षवार संख्या अनुबंध-3 पर दी गई है।

(च) विगत तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में तैनात राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों का जिलावार विवरण अनुबंघ-4 पर दिया गया है।

(छ) नेहरू युवा केंद्र संगठन ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के सहयोग से युवा स्वयंसेवकों को "प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता" के रूप में कार्य करने के लिए आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर 06 दिनों का अनुकूलित प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया है। इसका उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में एनवाईकेएस स्वयंसेवकों की संगठित और संरचित भागीदारी के लिए एक संस्थागत तंत्र स्थापित करना, सामुदायिक जागरूकता और तैयारी के लिए सामान्य समय के दौरान प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को मंच प्रदान करना और उन्हें शामिल करना तथा तत्क्षण कॉल/तैनाती के लिए प्रशिक्षित डीआरटी (आपदा मोचन दल) पर व्यापक डाटा बेस बनाना है। यह कार्यक्रम वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 14 राज्यों यथा मिजोरम, सिक्किम, ओडिशा, तमिलनाडु, गुजरात, हरियाणा, बिहार, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, असम, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश और केरल में आयोजित किया गया था।

(ज) वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(झ) देश भर में एनवाईकेएस की रिक्तियों का विवरण और आंध्र प्रदेश राज्य में स्थित एनवाईकेएस की जिला-वार रिक्तियों का विवरण क्रमशः अनुबंध - 5 और अनुबंध - 6 पर दिया गया है।

भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा संविदा के आधार पर नियुक्त प्रबंधकों और वार्डनों द्वारा युवा छात्रावासों का प्रबंधन किया जाता है। आंध्र प्रदेश में, तिरुपति और विजयनगरम के युवा छात्रावासों में प्रबंधकों और वार्डनों को संविदा के आधार पर नियुक्त किया गया है। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी विशाखापत्तनम और कडप्पा जिलों के युवा छात्रावासों का प्रबंधन कर रहे हैं। विजयवाड़ा का युवा छात्रावास अपनी जीर्ण स्थिति के कारण उपयोग में नहीं है।

****

**<u>अनुबंध – 1</u>**

**आंध्र प्रदेश में एनवाईकेएस और यूथ हॉस्टल के संबंध में श्री जी.एम. हरीश बालयोगी, श्री बी. के. पार्थसारथी, श्री बस्तीपति नागराजू, श्री लावु श्रीकृष्ण देवरायालू द्वारा दिनांक 03.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 35 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

**<u>(क) आंध्र प्रदेश के नेहरू युवा केंद्रों का विवरण:</u>**

**i. राज्य कार्यालय, एनवाईकेएस, आंध्र प्रदेश (गुंटूर)**

**ii. जिला नेहरू युवा केंद्र:**

1. नेहरू युवा केंद्र, गुंटूर
2. नेहरू युवा केंद्र, कडप्पा
3. नेहरू युवा केंद्र, श्रीकाकुलम
4. नेहरू युवा केंद्र, विजयवाड़ा (कृष्णा)
5. नेहरू युवा केंद्र, विशाखापत्तनम
6. नेहरू युवा केंद्र, विजयनगरम
7. नेहरू युवा केंद्र, ओंगोल (प्रकासम)
8. नेहरू युवा केंद्र, कुरनूल
9. नेहरू युवा केंद्र, पश्चिम गोदावरी
10. नेहरू युवा केंद्र, चित्तूर
11. नेहरू युवा केंद्र, पूर्वी गोदावरी (काकीनाडा)
12. नेहरू युवा केंद्र, नेल्लोर
13. नेहरू युवा केंद्र, अनंतपुर

**<u>(ख) आंध्र प्रदेश के युवा छात्रावासों का विवरण:</u>**

1. युवा छात्रावास, विशाखापत्तनम
2. युवा छात्रावास, विजयनगरम
3. युवा छात्रावास, विजयवाड़ा
4. युवा छात्रावास, तिरूपति
5. युवा छात्रावास, कडप्पा

**<u>अनुबंध – 2</u>**

**आंध्र प्रदेश में एनवाईकेएस और यूथ हॉस्टल के संबंध में श्री जी.एम. हरीश बालयोगी, श्री बी. के. पार्थसारथी, श्री बस्तीपति नागराजू, श्री लावु श्रीकृष्ण देवरायालू द्वारा दिनांक 03.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 35 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

**<u>आंध्र प्रदेश राज्य में वर्ष 2021-22 के दौरान आयोजित जिला-वार कार्यक्रम:</u>**

<table>
<tr><th>क्र.सं.</th><th>एनवाईके/गैर एनवाईके</th><th>जिल का नाम</th><th>आयोजित कार्यक्रम का विवरण</th></tr>
<tr><td>1</td><td>एनवाईके</td><td>अनंतपुर</td><td rowspan="13">युवा क्लब विकास कार्यक्रम; ब्लॉक स्तरीय खेल कार्यक्रम; युवा क्लबों हेतु खेल सामग्री; मूलभूत व्यवसायों में कौशल आधारित उद्यमिता/शिक्षा; कला और संस्कृति का जिला स्तर प्रचार; राष्ट्रीय महत्व के दिनों का आयोजन, राष्ट्रीय युवा दिवस और सप्ताह; जिला स्तरीय खेल कार्यक्रम; जिला युवा सम्मेलन; स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान; स्वच्छता पखवाड़ा; कोविड 19 – संबंधी कार्यकलाप; युवाओं का उन्मुखीकरण; व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम और सुविधा अभियान; डिजिटल सम्मान - बैंक मित्रों का कैडर तैयार करना; रोजगार संबंधी मार्गदर्शन और काउंसलिंग; युवाओं के लिए स्वास्थ्य का प्रशिक्षण, फिट इंडिया मूवमेंट का नेतृत्व; जल जागरण अभियान पर युवाओं का प्रशिक्षण; स्वच्छ गांव-हरित गांव पर युवाओं का प्रशिक्षण; उत्कृष्ट युवा क्लबों को पुरस्कार (एओवाईसी) - जिला स्तर; भाषण प्रतियोगिता; जिला स्तरीय नेबरहुड युवा संसद; कैच द रेन ; स्वच्छ भारत; अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस;<br>इसके अलावा, राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का आयोजन चार नोडल कार्यालयों अर्थात् एनवाईके गुंटूर, एनवाईके एनटीआर (विजयवाड़ा), एनवाईके विशाखापत्तनम, एनवाईके, विजयनगरम में किया गया।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>एनवाईके</td><td>चित्तूर</td></tr>
<tr><td>3</td><td>एनवाईके</td><td>काकीनाडा</td></tr>
<tr><td>4</td><td>एनवाईके</td><td>गुंटूर</td></tr>
<tr><td>5</td><td>एनवाईके</td><td>कडप्पा</td></tr>
<tr><td>6</td><td>एनवाईके</td><td>एनटीआर (विजयवाड़ा)</td></tr>
<tr><td>7</td><td>एनवाईके</td><td>कुरनूल</td></tr>
<tr><td>8</td><td>एनवाईके</td><td>नेल्लोर</td></tr>
<tr><td>9</td><td>एनवाईके</td><td>प्रकासम (ओंगोल)</td></tr>
<tr><td>10</td><td>एनवाईके</td><td>श्रीकाकुलम</td></tr>
<tr><td>11</td><td>एनवाईके</td><td>विशाखापत्तनम</td></tr>
<tr><td>12</td><td>एनवाईके</td><td>विजयनगरम</td></tr>
<tr><td>13</td><td>एनवाईके</td><td>एलुरु</td></tr>
<tr><td>14</td><td></td><td>राज्य कार्यालय</td><td>राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव और उत्कृष्ट युवा क्लबों (एओवाईसी) को पुरस्कार - राज्य स्तर</td></tr>
</table>

## आंध्र प्रदेश राज्य में वर्ष 2022-23 के दौरान आयोजित जिलावार कार्यक्रम:

| क्र.सं. | एनवाईके/गैर एनवाईके | जिला का नाम | आयोजित कार्यक्रमों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | एनवाईके | अनंतपुर | • युवा क्लब विकास कार्यक्रम (वाईसीडीपी); युवा नेतृत्व और सामुदायिक विकास पर प्रशिक्षण (टीवाईएलसीडी); थीम आधारित जागरूकता कार्यक्रम; क्लस्टर ब्लॉक खेल आयोजन; खेल सामग्री प्रचार; कौशल आधारित उद्यमिता कार्यक्रम; राष्ट्रीय महत्व वाले राष्ट्रीय युवा दिवस और सप्ताह का आयोजन; जिला स्तरीय खेल; स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान; स्वच्छता पखवाड़ा; श्रमदान शिविर; गहन स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम (आईवीईपी); स्वैच्छिक कार्रवाई के माध्यम से सेवा और सशक्तिकरण (सेवा); जिला युवा उत्सव; अपने संविधान को जानें; करियर मार्गदर्शन कार्यशाला; उत्कृष्ट युवा क्लबों को पुरस्कार (एओवाईसी) - जिला स्तर; नेबरहुड युवा संसद; कैच द रेन; स्वच्छ भारत; अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस;<br>• जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम केवल एनवाईके विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया।<br>• इसके अलावा, राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का आयोजन चार नोडल कार्यालयों अर्थात् एनवाईके गुंटूर, एनवाईके एनटीआर (विजयवाड़ा), एनवाईके विशाखापत्तनम, एनवाईके, विजयनगरम में किया गया। |
| 2 | एनवाईके | चित्तूर | |
| 3 | एनवाईके | काकीनाडा | |
| 4 | एनवाईके | गुंटूर | |
| 5 | एनवाईके | कडप्पा | |
| 6 | एनवाईके | एनटीआर (विजयवाड़ा) | |
| 7 | एनवाईके | कुरनूल | |
| 8 | एनवाईके | नेल्लोर | |
| 9 | एनवाईके | प्रकासम (ओंगोल) | |
| 10 | एनवाईके | श्रीकाकुलम | |
| 11 | एनवाईके | विशाखापत्तनम | |
| 12 | एनवाईके | विजयनगरम | |
| 13 | एनवाईके | एलुरु | |
| 14 | गैर एनवाईके | श्री सत्य साई | • नेबरहुड युवा संसद<br>• स्वच्छ भारत |
| 15 | गैर एनवाईके | तिरुपति | |
| 16 | गैर एनवाईके | पूर्वी गोदावरी | |
| 17 | गैर एनवाईके | कोनासीमा | |
| 18 | गैर एनवाईके | बापतला | |
| 19 | गैर एनवाईके | पलनाडु | |
| 20 | गैर एनवाईके | अन्नामय्या | |
| 21 | गैर एनवाईके | कृष्णा | |
| 22 | गैर एनवाईके | नांदयाल | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23 | गैर एनवाईके | अल्लूरी सीतारमा राजू | |
| 24 | गैर एनवाईके | अनकापल्ली | |
| 25 | गैर एनवाईके | पार्वतीपुरम | |
| 26 | गैर एनवाईके | पश्चिम गोदावरी | |
| 27 | | राज्य कार्यालय | • राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव<br>• उत्कृष्ट युवा क्लबों (एओवाईसी) हेतु पुरस्कार - राज्य स्तर |

<u>**आंध्र प्रदेश राज्य में वर्ष 2023-24 के दौरान आयोजित जिलावार कार्यक्रम:**</u>

| क्र.सं. | **एनवाईके/गैर एनवाईके** | **जिला का नाम** | <u>**आयोजित कार्यक्रमों का विवरण**</u> |
|---|---|---|---|
| 1 | एनवाईके | अनंतपुर | • जिला स्तरीय युवा उत्सव; दिवस और सप्ताह का आयोजन; मिशन लाइफ; एमएमएमडी- ग्राम स्तर; एमएमएमडी- ग्राम पंचायत स्तर; एमएमएमडी- ब्लॉक स्तर; राष्ट्रीय युवा दिवस पर मेगा कार्यक्रम; राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह; माई भारत - विकसित भारत@2047 जिला स्तर पर भाषण प्रतियोगिताएं; मेरा भारत विकसित भारत- नारी शक्ति फिटनेस रन (ब्लॉक स्तर); गहन मतदाता जागरूकता और पंजीकरण अभियान; ब्लॉक स्तरीय खेल आयोजन; जिला स्तरीय नेबरहुड युवा संसद; कैच द रेन; अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस<br>• एनवाईके विशाखापत्तनम में कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम और जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।<br>• इसके अलावा, राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव का आयोजन चार नोडल कार्यालयों अर्थात् एनवाईके गुंटूर, एनवाईके अनंतपुर, एनवाईके विशाखापत्तनम, एनवाईके, विजयनगरम में किया गया।<br><br>**नोट:** मिशन लाइफ कार्यक्रम केवल एनवाईके जिला कार्यालयों में आयोजित किया गया था। |
| 2 | एनवाईके | चित्तूर | |
| 3 | एनवाईके | एलुरु | |
| 4 | एनवाईके | गुंटूर | |
| 5 | एनवाईके | काकीनाडा | |
| 6 | एनवाईके | कुरनूल | |
| 7 | एनवाईके | एनटीआर (विजयवाड़ा) | |
| 8 | एनवाईके | प्रकासम (ओंगोल) | |
| 9 | एनवाईके | एसपीएसआर नेल्लोर | |
| 10 | एनवाईके | श्रीकाकुलम | |
| 11 | एनवाईके | विशाखापत्तनम | |
| 12 | एनवाईके | विजयनगरम | |
| 13 | एनवाईके | वाईएसआर (कडप्पा) | |
| 14 | गैर एनवाईके | अल्लूरी सीतारमा राजू | |
| 15 | गैर एनवाईके | अनकापल्ली | |
| 16 | गैर एनवाईके | अन्नामय्या | |
| 17 | गैर एनवाईके | बापतला | |
| 18 | गैर एनवाईके | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनसीमा | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19 | गैर एनवाईके | पूर्वी गोदावरी | |
| 20 | गैर एनवाईके | कृष्ण | |
| 21 | गैर एनवाईके | नांदयाल | |
| 22 | गैर एनवाईके | पालनाडू | |
| 23 | गैर एनवाईके | पार्वतीपुरम मान्यम | |
| 24 | गैर एनवाईके | श्री सत्य साई | |
| 25 | गैर एनवाईके | तिरुपति | |
| 26 | गैर एनवाईके | पश्चिम गोदावरी | |
| 27 | | राज्य स्तर | • माई भारत - विकसित भारत@2047 राज्य स्तर पर भाषण प्रतियोगिताएं<br>• राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव |

<u>अनुबंध-3</u>

**आंध्र प्रदेश में एनवाईकेएस और यूथ हॉस्टल के संबंध में श्री जी.एम. हरीश बालयोगी, श्री बी. के. पार्थसारथी, श्री बस्तीपति नागराजू, श्री लावु श्रीकृष्ण देवरायालू द्वारा दिनांक 03.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 35 के भाग (ड.) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

<u>विगत तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में छात्रावास सुविधाओं का उपयोग करने वाले खिलाड़ियों की संख्या:</u>

| **क्र.सं.** | **आंध्र प्रदेश के युवा छात्रावास** | 2021-2022 | 2022-2023 | 2023-2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कडप्पा | 05 | 10 | 10 |
| 2. | तिरुपति | 375 | 287 | 204 |
| 3. | विजयवाड़ा | **शून्य** | **शून्य** | **शून्य** |
| 4. | विशाखापत्तनम | 532 | 287 | 495 |
| 5. | विजयनगरम | 80 | 125 | 120 |

**<u>अनुबंध-4</u>**

**आंध्र प्रदेश में एनवाईकेएस और यूथ हॉस्टल के संबंध में श्री जी.एम. हरीश बालयोगी, श्री बी. के. पार्थसारथी, श्री बस्तीपति नागराजू, श्री लावु श्रीकृष्ण देवरायालू द्वारा दिनांक 03.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 35 के भाग (च) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

<u>विगत तीन वर्षों में तैनात किए गए राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों की जिलावार कुल (एनवाईवी) संख्या:</u>

| क्र.सं. | जिला | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अनंतपुर | 34 | 34 | 34 |
| 2 | चित्तूर | 42 | 41 | 41 |
| 3 | कडप्पा (वाईएसआर) | 28 | 25 | 25 |
| 4 | पूर्वी गोदावरी (काकीनाडा) | 42 | 42 | 42 |
| 5 | गुंटूर | 44 | 44 | 44 |
| 6 | कृष्णा (विजयवाड़ा) | 40 | 40 | 40 |
| 7 | कुरनूल | 28 | 28 | 28 |
| 8 | एसपीएसआर नेल्लोर | 32 | 32 | 32 |
| 9 | प्रकाशम | 36 | 36 | 36 |
| 10 | श्रीकाकुलम | 34 | 34 | 34 |
| 11 | विशाखापत्तनम | 40 | 40 | 40 |
| 12 | विजयनगरम | 30 | 30 | 30 |
| 13 | पश्चिम गोदावरी (एलुरु) | 32 | 32 | 32 |
| **कुल एनवाईवी** | | **462** | **458** | **458** |

**<u>अनुबंध-5</u>**

**आंध्र प्रदेश में एनवाईकेएस और यूथ हॉस्टल के संबंध में श्री जी.एम. हरीश बालयोगी, श्री बी. के. पार्थसारथी, श्री बस्तीपति नागराजू, श्री लावु श्रीकृष्ण देवरायालू द्वारा दिनांक 03.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 35 के भाग (झ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

**<u>दिनांक 01.01.2025 की स्थिति के अनुसार देश भर में एनवाईकेएस में विद्यमान रिक्तियों और कार्यरत कर्मचारियों का विवरण:</u>**

| क्र.सं. | पदनाम | वेतन स्तर | समूह | स्वीकृत संख्या | कार्यरत नियमित कर्मचारी | रिक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महानिदेशक | (वेतन स्तर 14) | **क** | 1 | **0** | 1 |
| 2 | निदेशक | (वेतन स्तर 13) | **क** | 12 | **1** | 11 |
| 3 | संयुक्त निदेशक/राज्य निदेशक | (वेतन स्तर 12) | **क** | 32 | **26** | 6 |
| 4 | उप निदेशक | (वेतन स्तर 11) | **क** | 107 | **69** | 38 |
| 5 | सहायक निदेशक/जिला युवा अधिकारी | (वेतन स्तर 10) | **क** | 560 | **322** | 238 |
| 6 | सहायक निदेशक (राजभाषा) | (वेतन स्तर 10) | **क** | 1 | **0** | 1 |
| 7 | लेखा अधिकारी | (वेतन स्तर 7) | **ख** | 51 | **0** | 51 |
| 8 | अनुभाग अधिकारी | (वेतन स्तर 7) | **ख** | 17 | **14** | 3 |
| 9 | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | (वेतन स्तर 6) | **ख** | 1 | **0** | 1 |
| 10 | लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक | (वेतन स्तर 6) | **ख** | 155 | **58** | 97 |
| 11 | सहायक अनुभाग अधिकारी | (वेतन स्तर 4) | **ख** | 57 | **23** | 34 |
| 12 | लेखा एवं कार्यक्रम सहायक | (वेतन स्तर 4) | **ग** | 534 | **277** | 257 |
| 13 | प्रशासनिक सहायक | (वेतन स्तर 2) | **ग** | 141 | **22** | 119 |
| 14 | ड्राइवर | (वेतन स्तर 1) | **ग** | 50 | **45** | 5 |
| 15 | मल्टी टास्किंग स्टाफ | (वेतन स्तर 14) | **ग** | 554 | **315** | 239 |
| **कुल योग** | | | | **2273** | **1172** | **1101** |

**अनुबंध-6**

**आंध्र प्रदेश में एनवाईकेएस और यूथ हॉस्टल के संबंध में श्री जी.एम. हरीश बालयोगी, श्री बी. के. पार्थसारथी, श्री बस्तीपति नागराजू, श्री लावु श्रीकृष्ण देवरायालू द्वारा दिनांक 03.02.2025 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 35 के भाग (झ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

**आंध्र प्रदेश के नेहरू युवा केंद्रों की रिक्तियों का जिलावार विवरण:**

| | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **आंध्र प्रदेश में जिला कार्यालय/राज्य कार्यालय का नाम** | **कुल रिक्तियों की संख्या** |
| 1. | एनवाईके-अनंतपुर | 02 |
| 2. | एनवाईके-चित्तूर | 01 |
| 3. | एनवाईके- गुंटूर | 02 |
| 4. | एनवाईके - कडप्पा | 02 |
| 5. | एनवाईके- काकीनाडा (पूर्वी गोदावरी) | 03 |
| 6. | एनवाईके- कृष्णा विजयवाड़ा | 01 |
| 7. | एनवाईके- कुरनूल | 02 |
| 8. | एनवाईके- नेल्लोर | 01 |
| 9. | एनवाईके- प्रकासम (ओंगोल) | 02 |
| 10. | एनवाईके- श्रीकाकुलम | 01 |
| 11. | एनवाईके- विशाखापत्तनम | 01 |
| 12. | एनवाईके- विजयनगरम | 02 |
| 13. | एनवाईके- पश्चिम गोदावरी (एलुरु) | 01 |
| 14. | राज्य कार्यालय-आंध्र प्रदेश | 03 |
| | **कुल योग** | **24** |

****